<u>कक्षा-**4**</u>
<u>कार्य पात्रिक-**1**</u>
<u>व्याकरण</u>

प्र० 1. अपठित गद्यांश

जीवन में अध्ययन, चिंतन-मनन के साथ-साथ खेलों की भी अत्यधिक आवश्यकता है। प्रतिदिन की दिनचर्या में कुछ समय खेलों के लिए निकालने वाले विद्यार्थी न केवल तन से अपितु मन से भी अधिक स्वस्थ रहते हैं। खेल, खिलाड़ी में खेल भावना का संचार करते हैं और जीवन की विभिन्न चुनौतियों का सामना डटकर करने की प्रेरणा देते हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। रोगी व्यक्ति सदा उदास और चिड़चिड़ा रहता है। उसका किसी काम में मन नहीं लगता। स्वस्थ शरीर के लिए खेल कूद बहुत महत्वपूर्ण है। खेल खेलने से शरीर पुष्ट होता है। शरीर
में चुस्ती-स्फूर्ति आती है। खेल हमारे साहस, बल और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
क) जीवन में चिंतन मनन के साथ-साथ किसकी अत्यधिक आवश्यकता होती है ?
i) अध्ययन
ii) खेल
iii) सोना
iv) भोजन

ख) खेल हमें क्या प्रेरणा देते हैं?
i) एक दूसरे की सहायता करने की
ii) सिर्फ खेल पर ध्यान देने की
iii) जीवन की विभिन्न चुनौतियों का सामना डटकर करने की
iv) जीवन में खुश रहने की

ग) 'रोगी' शब्द का क्या अर्थ है ?
i) बीमार
ii) स्वस्थ
iii) दुखी
iv) इनमें से कोई नहीं

घ) खेल व्यक्ति में क्या क्या बढ़ाता है ?
i) साहस
ii) बल
iii) आत्मविश्वास
iv) उपयुक्त सभी

ङ) 'बल' शब्द का विलोम शब्द कौन-सा है ?
i) मज़बूती
ii) साहस
iii) कमज़ोरी
iv) निर्बल

प्र० 2. अपठित गद्यांश

एक दिन तेनालीराम ने देखा कि उसके घर के आस-पास कुछ चोर घूम रहे हैं। वह उनका इरादा समझ गया। उसने चारों को सुनाते हुए अपनी पत्नी से कहा, "देखो, आजकल चोरों का बड़ा ज़ोर है। अपने पास रुपया-पैसा और जो कीमती सामान है उसे एक बड़े संदूक में भर दो। मैं उसे बाग के कुएँ में छिपा दूँगा।" चोरों ने यह सुना तो बड़े प्रसन्न हुए। तेनालीराम ने एक संदूक लेकर उसमें ईंट-पत्थर भरे और उसने घर से लगे बगीचे में बने कुएँ में वह संदूक डाल दिया। रात होने पर चोर कुएँ पर आए, लेकिन किसी की भी कुएँ में घुसने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने एक उपाय सोचा। वे तीन बाल्टियाँ ले आए और कुएँ से पानी निकालने लगे। रात भर वे पानी निकालते रहे। सवेरा होने पर पकड़े जाने के डर से चोर वहाँ से भागने लगे। तभी तेनालीराम वहाँ आ पहुँचा और चोरों से बोला, "भैया, मेरा धन्यवाद तो लेते जाओ, तुम लोगों ने रात भर मेरे बगीचे में पानी दिया है।"

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. तेनालीराम के घर के आस-पास कौन घूम रहे थे?
2. तेनालीराम ने संदूक में क्या भारा ?
3. तेनालीराम ने रुपये पैसा और कीमती सामान कहाँ रखा?
4. संदूक निकालने के लिए चोरों ने क्या किया?
5. ‘उपाय’ शब्द का क्या अर्थ होता है ?

प्र० 3. अपठित गद्यांश

एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था। परिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता था। नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानों पेड़ों का सरताज हो। जब बहार के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हो। नन्हें फूलों से झिलमिलाता परिजात जब सुगंध भरी पराग जंगल में बिखेरता तो जंगल नंदन बन जाता। चुंबक की तरह परिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही परिजात की तरफ़ भागता। सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों को खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जाती।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(क) जंगल में किसका पेड़ था?
(i) नीम
(ii) परिजात
(iii) पीपल
(iv) आम

(ख) परिजात अपने आप को स्वयं क्या समझता था?
(i) पेड़ों का सरताज
(ii) पेड़ों का दास
(iii) ईश्वर
(iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) वह अनगिनत फूलों से कब लद जाता था?
(i) बहार में
(ii) पतझड़ में
(iii) वर्षा में
(iv) सरदी में

(घ) तितलियाँ क्या करती थीं?
(i) उसके फूलों का पराग ले जाती थीं
(ii) फूल ले जाती थीं
(iii) डालों पर गाना गाती थीं
(iv) कुछ नहीं करती थीं

(ङ) इस गद्यांश का शीर्षक है
(i) परिजात एक वृक्ष
(ii) परिजात पेड़ों का सरताज
(iii) परिजात जंगल का राजा
(iv) इनमें से कोई नहीं

प्र० 4. अपने जन्मदिन के अवसर पर मित्र को निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए।

प्र० 5. स्कूल पिकनिक के बारे में बताते हुए अपने भाई को पत्र लिखिए।

प्र० 6. नीचे दिए चित्र का पाँच वाक्यों में वर्णन करें।



प्र० 7. नीचे दिए चित्र का पाँच वाक्यों में वर्णन करें।



प्र० 8. 'मधुर वाणी' अनुच्छेद लेखन करें।

प्र० 9. 'हमारे जीवन में जल का महत्व'अनुच्छेद लेखन करें।

प्र० 10. रिक्त स्थान भरें।

| अंक | हिंदी अंक | शब्द |
| --- | --- | --- |
| 36 | | |
| 47 | | |
| 29 | | |

प्र० 11. निम्नलिखित हिंदी शब्दों के हिंदी अंक लिखें।
1. पचास -
2. सत्ताईस -
3. छब्बीस -

प्र० 12. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखिए।
1. मेरे चाचा हमारे घर अतिथि बनकर आए।
2. रोहन एक निडर बालक है।

प्र० 13. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।
1. महीने में एक बार होने वाला-
2. गाँव में रहने वाला-
3. जिसकी आयु लंबी हो -
4. जो पढ़ना लिखना जानता हो -

प्र० 14. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण तथा विशेष्य छाँटकर लिखिए।

1. बेटा! थोड़ा दूध पी लो।
2. स्नेहा ने लाल फ्रॉक पहनी है।
3. बाज़ार से दो किलो चीनी ले आओ।

प्र0 15. विशेषण किसे कहते हैं? विशेषण के चार प्रकारों का नाम लिखिए।

प्र० 16. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द छाँटकर उसका भेद लिखें।
1. यह गुड़िया कितनी सुन्दर है।
2. भगवान राम का स्वभाव अत्यंत शांत था।
3. सोहन के पास सौ रुपये हैं।
4. कृतिका अपनी पीली फ्रॉक के लिए चार मीटर कपड़ा लेने गई है।

प्र० 17. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए।
1. तीर
2. हल
3. नाना

प्र० 18. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों का उचित मिलान करें।

| अर्थ | अनेकार्थी शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| पराजय | हार | समाप्त |
| संसार | पत्र | चिट्ठी |
| एक गाड़ी | जग | साधारण |
| पत्ता | आम | एक बरतन |
| एक फल | बस | माला |

प्र० 19. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।
1. अलमारी में दो पुस्तक निकालो।
2. अक्षत चार समोसा लाया।
3. मेरे को घर जाना है।
4. एक फूलों की माला दो।

प्र० 20. निम्नलिखित शब्दों को शुद्घ करके लिखें।
1. छमा -
2. ऋषी-
3. चिन्ह-
4. उज्वल-

**कक्षा-4**
**कार्य पत्रिका - 2**
**व्याकरण**

प्र० 1. अपठित गद्यांश

एक गधा जंगल में घास चर रहा था। जंगल के किनारे पर ही उसके मालिक हरिया का घर था | वह रोज जंगल में आकर घास खाकर उसे बड़ा ही मजा आता था । उसे वहाँ कभी भी कोई खतरा महसूस नहीं हुआ । मगर एक दिन अचानक ही उसे पास की झाड़ियों में सरसराहट सुनाई दी। उसने सर उठाकर देखा तो उसके प्राण सुख गए । झाड़ियों से निकलकर एक बड़ा बाघ उसके सामने आ खड़ा हुआ था | गधे ने सोचा कि आज तो मारे गए। मगर आदमियों की संगत में रहकर वह भी बहुत चालाक हो गया था । उसने डरना छोड़ और लंगड़ा लंगड़ाकर चलने लगा ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

(क) गधा जंगल में क्या कर रहा था ?
(ख) जंगल के किनारे किसका घर था ?
(ग) अचानक ही एक दिन गधे के सामने कौन आकर खड़ा हो गया ?
(घ) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदल कर लिखिए-
1. मालिक -
2. बाघ-
(ड़) गद्यांश में से दो विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए।

प्र० 2. अपठित गद्यांश

पोंगल तमिलनाडु राज्य का फसल का त्यौहार है, जो 13 जनवरी को हर वर्ष मनाया जाता है। हालाँकि मूल त्यौहार 14 जनवरी से ही शुरू होता है, जिसे पेरम पोंगल कहा जाता है। यह चार दिन तक चलता है। पोंगल के शुरू होने के पहले 'कोलम' बनाए जाते हैं- 'कोलम' चावल के आटे से बनी साज-सज्जा होती है जो तमिल परिवारों के दरवाजे के बाहर फर्श पर बनाई जाती है। 'कोलम' के बीच में गोबर का ढेर होता है, जिसमें लौकी की पाँच पंखुड़ियाँ लगाई जाती हैं। इसे सृजन का प्रतीक माना जाता है। इसे सूर्य देवता को प्यार के रूप में अर्पित किया जाता है। लोग अच्छी फसल के लिए ईश्वर, पृथ्वी और अपने पशुओं को धन्यवाद देते हैं तथा अगले साल की अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करते हैं। पोंगल त्यौहार का नाम वास्तव में एक मिठाई पर पड़ा है। इसे पोंगल उत्सव के दूसरे दिन बनाया जाता है। पोंगल उत्सव में गीत विशेष महत्व रखते हैं। लोग इकट्ठा होकर गीत गाते हैं।

(क). पोंगल किस राज्य का त्यौहार है ?
(i)कर्नाटक (ii) केरल (iii)तमिलनाडु (iv)गुजरात

(ख). पोंगल त्यौहार कितने दिन तक चलता है?
(i)एक (ii) चार (iii)पाँच (iv) सात

(ग).पोंगल त्यौहार का नाम किसके नाम पर रखा गया है?
(i) सूर्य (ii) मिठाई (iii) रंगोली (iv) देवी

(घ).कोलम किस वस्तु से बनाई जाती है?
(i) चावल के आटे से (ii) रंगीन कागज़ से (iii) फूलों से (iv) धागे से

(ङ).पोंगल त्यौहार में कोलम किस देवता को समर्पित करते है?
(i) विष्णु देव (ii) चंद्र देव (iii) सूर्य देव (iv) लक्ष्मी

प्र० 3. अपठित गद्यांश

गोपाल कृष्णा गोखले बचपन से ही सत्यवादी थे। एक बार उनके शिक्षक ने एक प्रश्न हल करने को दिया | दूसरे दिन जब गृहकार्य देखा गया तो सभी के उत्तर गलत थे । केवल गोपाल ने ही प्रश्न का सही लिखा था । शिक्षक ने गोपाल की सबके सामने प्रशंसा की। गोपाल ने उन्हें रोकते हुए रुँधे हुए गले से कहा, "गुरु जी, मैं इस प्रशंसा का अधिकार नहीं हूँ। प्रश्न तो मेरे बड़े बही ने हल किया है, इसलिए शाबाशी मुझे नहीं मिलनी चाहिए।" शिक्षक प्रसन्न होकर बोले, "इसमें रोने की बात नहीं है। तुमने सच बोला है इसलिए यह पुस्तक मैं तुम्हे पुरुस्कार में देता हूँ। यह तुम्हे सदा सत्य बोलने को प्रेरित करती रहेगी।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(क) गोपाल कृष्णा गोखले में क्या गुण थे ?
(ख) गोपाल का गृहकार्य देखकर शिक्षक ने क्या किया ?
(ग) शिक्षक से अपनी प्रशंसा सुन गोपाल ने क्या किया ?
(घ) शिक्षक ने गोपाल को पुरस्कार में क्या दिया और क्यों ?
(ड़) गद्यांश का कोई अच्छा-सा शीर्षक लिखिए ।

प्र० 4. अपने चाचा जी को उपहार भेजने लिए धान्यवाद पत्र लिखिए।

प्र० 5. अपने भाई की शादी में अपने मित्र को निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए।

प्र० 6. 'मेरा विद्यालय' पर अनुच्छेद लेखन करें।

प्र० 7. 'सच्चा मित्र' पर अनुच्छेद लेखन करें।

प्र० 8. नीचे दिए चित्र का पाँच वाक्यों में वर्णन कीजिए।



प्र० 9. नीचे दिए चित्र का पाँच वाक्यों में वर्णन कीजिए।



प्र० 10. निम्नलिखित हिंदी अंकों को अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए।

1. ४१
2. ४९

प्र० 11. रिक्त स्थान भरें।

| अंक | हिंदी अंक | हिंदी शब्द |
|---|---|---|
| 32 | | |
| 44 | | |

प्र० 12. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण तथा विशेष्य छाँटकर लिखिए।

1. उस खूँखार शेर को देखो।
2. पिता जी ने मुझे बीस रुपये दिए।

प्र० 13. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए।

1. मेज़ दो पुस्तक तथा चार पेन रखे हैं।
2. वह घोड़ा अत्यंत शांत स्वभाव का है।
3. कल मैंने एक सुनहरे रंग की तितली देखी।
4. टोकरी में एक दर्जन सेब रखे हैं।

प्र० 14. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विशेषण भरें।

1. हमारे विद्यालय में ______ अखबार आता है। (ताज़ा/ दैनिक/ मुलायम)
2. भगवान कृष्ण बहुत ______ बालक थे। (वीर/ ऊँचे/ नटखट)
3. आसमान में ______ तारे हैं। (असंख्य/ सफेद/ थोड़े)
4. ताज महल _____ मार्बल से बना है। (सफेद/ काले/ सुनहरे)

प्र० 15. सही मिलान करें।

| अनेक शब्द | एक शब्द |
|---|---|

| | |
|---|---|
| 1. महीने में एक बार होने वाला | क) आपबीती |
| 2. जो अपने आप पर बीती हो | ख) आस्तिक |
| 3. जिसकी आयु लंबी हो | ग) मूक |
| 4. ईश्वर में विश्वास रखने वाला | घ) दीर्घायु |
| 5. जो बोल नहीं सकता | ङ) मासिक |

प्र० 16. निम्नलिखित शब्दों को शुद्घ करके लिखिए।

1. ग्रह-कार्य -
2. बिमारी-
3. प्रथ्वी -
4. आंतकवादी -
5. पूत्र -

प्र० 17. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्घ करके दोबारा लिखिए।

1. लगभग चार लड़कियां आई हैं।
2. मैं तेरे को कहा था।
3. कृपा करके शांत हो जाइए।
4. अलमारी पर कपड़े रखे हैं।

प्र० 18. निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

1. वर
2. मगर
3. सूत
4. तीर

प्र० 19. निम्नलिखित वाक्य में आए रेखांकित शब्दों के प्रयोग अनुसार उनके अर्थ लिखिए।

1. उसे दुकान पर <u>नाना</u> प्रकार की मिठाइयाँ है।
2. मैंने भाषण प्रतियोगिता में <u>भाग</u> लिया।
3. मेरा विद्यालय <u>उत्तर</u> दिशा में है।
4. बुरे कर्मों का <u>फल</u> बुरा ही होता है।

प्र० 20. सही विकल्प चुनिए।

1. विशेषण के कितने भेद होते हैं ?
   क) दो
   ख) तीन
   ग) चार
   घ) पाँच

2. वर्ण शब्द का क्या अर्थ होता है ?
   क) जन्म

ख) जाति
ग) वर्णन
घ) वानर

3. गाँव में रहने वाले को क्या कहते हैं?
क) गाँव वाला
ख) ग्रामीणी
ग) गाँववासि
घ) ग्रामीण

4. निम्न में से सही शब्द कौन-सा है ?
क) अंतरिक्ष
ख) अंतरीक्ष
ग) अंतरिकश
घ) अंतरीकश

<u>कक्षा- **4**</u>

<u>कार्य पत्रिका **- 3**</u>

<u>साहित्य **(**पाठ**-8** अब्दुल कादिर**,** पाठ**-13** मेरी अभिलाषा है**)**</u>

प्र० 1. अर्थ लिखिए।
1. सद्मार्ग
2. निर्भीकता
3. अभिलाषा
4. नभ

प्र० 2. निम्नलिखित शब्दों के वाक्य बनाइए।
1. मेघ
2. उज्जवल
3. सद्गुण
4. सदरी

प्र० 3. निम्नलिखित वाक्यों में सही (✔) और गलत(×) का चिह्न लगाइए।
1. डाकू ने मुसाफिरों का लूटा हुआ माल वापस नहीं किया।
2. बालक ने अशरफ़ियाँ सदरी में रखी थी।
3. बालक पक्षियों की तरह चकना चाहता था
4. बालक शशि से दृढ़ता सीखना चाहता है।

प्र० 4. रिक्त स्थान पूर्ण करें।
1. हम ____ से निर्मलता और ____ शीतलता ले सकते हैं।
2. बालक के पास _____ अशरफ़ियाँ थी।
3. काफिला _____ स्थान से होकर गुज़र रहा था।
4. बालक _____ की तरह लहराना चाहता है।

प्र० 5. नीचे दिए वाक्य किसने किससे कहा?

| वाक्य | किसने कहा | किससे कहा |
|---|---|---|
| 1. ऐ लड़के! तेरे पास भी कुछ है क्या ? | | |
| 2. मेरे पास चालीस अशरफ़ियाँ हैं। | | |
| 3. सरदार, यह बालक कहता है कि इसके पास चालीस अशरफ़ियाँ हैं। हमने तलाशी ली, लेकिन हमें कोई अशरफ़ी नहीं मिली। | | |
| 4. यदि तू इन्हें सुरक्षित रखना चाहता था तो तूने इनके बारे में हमें क्यों बताया? | | |
| 5. मेरी माँ ने मुझे झूठ न बोलने की शिक्षा दी है। | | |

प्र० 6. कविता की पंक्तियों को पूरा करें।

1. सूरज सा _________
   ________ चमकूँ मैं
2. मेघों सा ________
   ________ लहराऊँ

सही विकल्प चुनिए।

प्र० 7. बालक किसकी तरह चहकना चाहता है ?
क) पक्षियों की तरह
ख) मेघों की तरह
ग) पानी की तरह
घ) पहाड़ की तरह

प्र० 8. काफ़िले में कितने लोग थे ?
क) बीस
ख) पचास
ग) पाँच
घ) सैंकड़ों

प्र० 9. कविता 'मेरी अभिलाषा है' के कवि का क्या नाम है?
क) रामधारी सिंह
ख) नर्मदा प्रसाद
ग) द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी
घ) इनमें से कोई नहीं

निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त में उत्तर लिखिए।

प्र० 10. किन्हें देखते ही लोग सहम गए?

प्र० 11. काफ़िला किस ओर बढ़ रहा था? इसमें कौन-कौन थे?

प्र० 12. कोयल वन-उपवन में क्या करती है?

प्र० 13. हम सहनशक्ति का गुण किससे ले सकते हैं?

प्र० 14. डाकू ने लड़के से क्या पूछा लड़के ने क्या जवाब दिया?

प्र० 15. कविता में मेघों की क्या विशेषता बताई गई है?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।

प्र० 16. डाकुओं के सरदार ने अल्लाह का अनेक बंदा किसे और क्यों कहा?

प्र० 17. फूलों का क्या स्वभाव है? उनसे हम क्या प्रेरणा ले सकते हैं?

प्र० 18. डाकुओं ने मुसाफिरों से लूटा गया माल क्यों वापस कर दिया?

प्र० 19. बालक अशरफ़ियों को छिपाकर रख सकता था, फिर भी उसने इसके बारे में डाकुओं को क्यों बताया?

प्र० 20. बालक ने अशरफ़ियाँ कहाँ रखी थी? अशरफ़ियों के गिरने के बाद सरदार की क्या हालत हुई?

**कक्षा- 4**
**कार्य पत्रिका - 4**
**साहित्य (पाठ- 14 मनुष्य का दिमाग, पाठ-15 गणतंत्र दिवस)**

प्र० 1. अर्थ लिखिए।
1. संयम
2. निर्देश देना
3. संघर्ष
4. पावन

प्र० 2. निम्नलिखित शब्दों के वाक्य बनाइए।
1. स्वराज्य
2. न्योछावर
3. रस्म
4. परिक्रमा

प्र० 3. निम्नलिखित वाक्यों में सही (✔) और गलत(×) का चिह्न लगाइए।
1. बच्चे हाथी पर बैठकर दर्शकों का अभिनंदन स्वीकार करते हैं।
2. पहले चीते के बाल धारीदार थे।
3. साँड का मालिक एक पशु था।
4. राष्ट्रपति को देश का संवैधानिक मुखिया घोषित किया गया।
5. साँड का मालिक उससे बैलगाड़ी खींचने का काम करवाता था।

प्र० 4. नीचे दिए वाक्य किसने किससे कहा?

| वाक्य | किसने कहा | किससे कहा |
|---|---|---|
| 1. सामने पड़ी रस्सी उठाकर लाओ।<br>2. यह तेरी नाक में क्या है? गर्दन पर निशान कैसे हैं?<br>3. अब तुम आँखें बंद कर लो। मुझे अग्नि देवता की आरती उतारनी है।<br>4. वैसे तो मेरी हर तरह से मौज है। खाने को बढ़िया चारा मिलता है।<br>5. मैंने सुना है तुम्हारा दिमाग बड़ा तेज है मुझे तुरंत अपने दिमाग दिखाओ वरना मैं तुम्हें खा जाऊंगा | | |

प्र० 5. रिक्त स्थान भरें।
1. _______ 1950 को भारत का अपना संविधान लागू हुआ।

2. _______ गरदन पर कुछ निशान थे।
3. ________ सभा के मुखिया थे।
4. गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नई दिल्ली में _______ के पास ______ पर होता है।
5. चीते ने मनुष्य को ______ दिखाने के लिए कहा।

सही विकल्प चुनिए।

प्र० 6. मनुष्य ने चीते के चारों ओर क्या बिछा दी?
क) पत्तियाँ
ख) लकड़ी
ग) सूखी घास
घ) इनमें से कोई नहीं

प्र० 7. राष्ट्रपति देश के नाम अपना संदेश कब देते हैं?
क) 26 जनवरी को
ख) 25 जनवरी की शाम को
ग) 15 अगस्त को
घ) 26 जनवरी की शाम को

प्र० 8. साँड अपने मालिक के लिए क्या-क्या करता था?
क) बैलगाड़ी खींचता था
ख) खाना लाता था
ग) रखवाली करता था
घ) उपर्युक्त सभी

प्र० 9. हमें क्या शपथ लेनी चाहिए?
क) आज़ादी कायम रखने की
ख) खुशियाँ मनाने की
ग) रोज गीत गाने की
घ) सभी के दुःख दूर करने की

प्र० 10. सबसे पहले राष्ट्रपति को सलामी कौन देते हैं?
क) संवैधानिक मुखिया
ख) तीनों सेनाओं की टुकड़ियाँ
ग) प्रधानमंत्री
घ) मंत्रीगण

प्र० 11. मनुष्य को देखकर चीते ने क्या किया ?
क) डर के भाग गया
ख) छाती फुलाए वहीं खड़ा रहा
ग) साँड के पीछे छिप गया
घ) खेतों में छिप गया

निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त में उत्तर लिखिए।

प्र० 12. मनुष्य ने चीते से रस्सी मँगवा कर क्या किया?
प्र० 13. विजय चौक पहुँचने पर राष्ट्रपति का स्वागत कौन करते हैं ?
प्र० 14. चीता आँखें बंद करके किस तरह की कल्पनाएँ करने लगा?
प्र० 15. प्रांतों की झाँकियों से हमें क्या पता चलता है?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।

प्र० 16. हम आज़ाद होकर भी पूरे आज़ाद क्यों नहीं थे?
प्र० 17. चीते के आँखें बंद कर लेने पर मनुष्य ने क्या किया?
प्र० 18. हमारा संविधान 26 जनवरी को ही क्यों लागू हुआ?
प्र० 19. चीते ने मनुष्य को क्या दिखाने के लिए कहा? मनुष्य ने फिर क्या कहा?
प्र० 20. चीते के शरीर पर किसके निशान पड़ गए थे? उसे कब ध्यान आता कि मनुष्य का दिमाग बड़ा तेज है?